दिनांक : 21.08.2024 समय : 07.10 pm

**मुख्य समाचार :–**

- दो देशों की यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री पोलेण्ड की राजधानी वारसां पहुँचे।
- राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार जार्ज कुरियन ने भरा नामांकन।
- प्रदेश में 14 सितंबर से शुरू होगी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना।
- प्रदेश में एक बार फिर से तेज बारिश होने की संभावना, मौसम विभाग ने अलर्ट किया जारी।

**प्रधानमंत्री पोलैंड-यूक्रेन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर पोलैंड के वारसॉ पहुंच गए हैं। श्री मोदी का वारसॉ सैन्य हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री जाम साहेब नवानगर स्मारक और मॉटे कैसिनो युद्ध स्मारक और कोल्हापुर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। श्री मोदी वारसॉ में एक सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यूक्रेन यात्रा के बारे में कहा कि वह राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन जा रहे हैं। वर्ष 1992 में द्विपक्षीय संबंध शुरू होने के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यूक्रेन की पहली यात्रा है। उन्होंने क्षेत्र में जल्द शांति और स्थिरता की वापसी की आशा व्यक्त की।

**जितेन्द्र - राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस**

**पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस** देशभर में 23 अगस्त को मनाया जाएगा। इस वर्ष के उत्सव का विषय **चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना: भारत की अंतरिक्ष गाथा** है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी।

अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट

लैंडिंग हुई थी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया था। डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अगले दस वर्षों में पांच गुना बढ़कर लगभग 44 अरब डॉलर हो जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया था और लैंडिंग साइट का नाम शिव शक्ति बिंदु रखा गया था।

**अंतरिक्ष विज्ञान कार्यशाला**

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि अंतरिक्ष विज्ञान की नई तकनीक के प्रयोग से हम हमारे प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर संरक्षण एवं संवर्धन कर सकते हैं । अंतरिक्ष सूचनाओं के आधार पर आज हम प्रदेश के जल संसाधनों का योजनाबद्ध तरीके से प्रबंधन कर सकते हैं। श्री सिलावट ने आज मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के प्रांगण में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त के परिप्रेक्ष्य में **जल के क्षेत्र में अंतरिक्ष विज्ञान का उपयोग** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ पर ये बात कहीं। कार्यक्रम में इसरो सहित अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के वैज्ञानिक, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा जल एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले शोधार्थी शामिल हुए।

**राज्यसभा नामांकन**

राज्यसभा उपचुनाव में प्रदेश से भाजपा उम्मीदवार जॉर्ज कुरियन ने आज भोपाल में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव और अन्य नेता भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री श्री कुरियन ने नामांकन के पहले भाजपा वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के पितृपुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री कुरियन के उम्मीदवार बनाए जाने पर भाजपा नेतृत्व का आभार माना है।

**भाजपा बैठक**

**प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व-2024 के अंतर्गत सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का** आयोजन किया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री के सशक्त और विकसित भारत के संकल्प को कार्यकर्ताओं की जनशक्ति से जोड़कर उर्जा प्रदान करेगा। कार्यशाला को **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव , भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। पार्टी ने मध्यप्रदेश में डेढ़ करोड़ नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।**

तीर्थ दर्शन

प्रदेश सरकार की अनूठी "मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन" योजना का आगामी कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 14 सितम्बर से 26 फरवरी 2025 तक प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न शहरों में धार्मिक यात्रा कराई जाएगी। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा तीर्थ दर्शन योजना में इस बार नागरिकों को वाराणसी , रामेश्वरम, मथुरा-वृंदावन, कामाख्या, अमृतसर, अयोध्या, द्वारका, जगन्नाथपुरी, शिर्डी और नागपुर जैसे धार्मिक स्थल निर्धारित किये गये हैं। इस बार 15 हजार से ज्यादा तीर्थ यात्री विभिन्न तीर्थ-स्थलों की यात्रा करेंगे। योजना का लाभ प्रदेश के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो आयकरदाता नहीं है और 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के हैं। योजना का लाभ ले सकेंगे। महिला तीर्थ-यात्रियों के मामले में आयु वर्ग में 2 वर्ष की छूट दी गई है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में पहली ट्रेन 14 सितम्बर को उज्जैन से वाराणसी (काशी)- अयोध्या के लिये रवाना होगी।

**सायबर तहसील**

साइबर तहसील के सुचारु संचालन के लिये तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की संख्या को बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है। राजस्व मंत्री  करण सिंह वर्मा ने बताया कि वर्तमान में साइबर तहसील भोपाल में 8 नायब तहसीलदार और 3 तहसीलदार पदस्थ थे। तहसीलदार और नायब तहसीलदार के 7-7 पद बढ़ाये गये हैं। साइबर तहसील भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी 55 जिलों में किसानों की जमीन के क्रय-विक्रय की नामांतरण की ऑनलाइन कार्यवाही की जाती है। सभी जिलों में जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद किसानों को नामांतरण के लिये आवेदन नहीं लगाना पड़ता और तहसील के चक्कर भी नहीं लगाना पड़ते। रजिस्ट्री होते ही ऑनलाइन जानकारी साइबर तहसील पहुँचती है। साइबर तहसील में तहसीलदार द्वारा नामांतरण की पूरी कार्यवाही कर नामांतरण आदेश जारी किया जाता है। नामांतरण आदेश और खसरा की प्रति संबंधित के मोबाइल पर व्हाट्स-अप और एसएमएस से भेजी जाती है।

**सीहोर राजस्व मंत्री**

प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सीहोर के इछावर के सीएम राइज स्कूल में नि: शुल्क बस सेवा का लोकार्पण किया स्कूल में फिलहाल 3 बसो की सेवा प्रारंभ होने से दूर दराज से आने वाले विद्यार्थियों को परिवहन का साधन मिल गया है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा देश के प्रधानमंत्री और  प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की योजनाएं अब प्रदेश में फलित होकर जरूरतमंदों को राहत प्रदान कर रही है।

## विश्व अंडर-ट्वेंटी एथलेटिक्स 2024

अंडर-ट्वेंटी विश्व एथलेटिक्स में भाग लेने के लिए भारतीय टीम आज सुबह  पेरू की राजधानी लीमा के लिए रवाना हुई।

भाला फेंक स्पर्धाओं के लिए पंजाब के पटियाला में राष्ट्रीय खेल संस्थान में प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया गया था, जबकि भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर बेंगलुरु में अन्य स्पर्धाओं के लिए शिविर लगाए गए हैं। व्यक्तिगत स्पर्धाओं के अलावा, राष्ट्रीय टीम 4x400 मीटर रिले और 4x400 मीटर मिक्स्ड रिले स्पर्धा भी होंगी।

भारत बंद

कुछ दलित संगठनों ने आज भारत बंद का आह्वान किया था। इस बंद का मध्य प्रदेश में मिला-जुला असर देखने को मिला। इंदौर और राजधानी भोपाल में जनजीवन पर इसका कोई असर नहीं है और इन दोनों बड़े शहरों में आम दिनों की तरह ही दुकानें खुली हुई हैं। प्रदेश के कुछ शहरों में रैली और प्रदर्शन के आयोजन जरूर हुए, लेकिन सभी जगह हालात सामान्य हैं।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार लो प्रेशर एरिया के सक्रिय होने से 23 -24 अगस्त को पूरे प्रदेश में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कल के लिए 23 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसमें रायसेन अलीराजपुर, सागर, निवाड़ी आदि जिले शामिल है। इस बीच प्रदेश के इन्दौर और शहडोल संभाग के जिलों में अधिकांश स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई। वहीं भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन और ग्वालियर संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की बारिश हुई।

## समाचार संक्षेप

- मंदसौर में 28 अगस्त को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन प्रातरू 11 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नयाखेड़ा में आयोजित किया जाएगा।

- शहडोल जिले के छतवई में स्थित हस्तशिल्प एवं हथकरघा केंद्र को जल्द शुरू किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया है कि कारीगरों से बात कर इस केंद्र को शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।
- नीमच में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी समिति की बैठक कल आयोजित की जायेगी।
- आगरमालवा जिले में मच्छरों की रोकथाम के लिये कल शासकीय चिकित्सालय से एक जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों ने मच्छरों से होने वाली बीमारियों को रोकने की शपथ ली।